(घ) प्रतीक्षा करने वाले यात्रियों के लिए तीसरे दर्जे के प्रतीक्षालय के पास पेशाबघर और शौचालय का एक ब्लाक बना हुआ है।

(ङ) तांगा स्टेण्ड के पास अतिरिक्त पेशाब घर बनाने की जरूरत नहीं है क्योंकि ऐसी संभावना है कि उसका उपयोग केवल बाहरी लोग करेंगे।

बांदा जंक्शन (मध्य रेलवे) पर रेत भरने के लिये प्लाट

7288. **श्री जागेश्वर यादव :** क्या रेलवे-मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य रेलवे के बांदा जंक्शन पर रेत भरने के लिये बहुत कम प्लाट हैं यद्यपि इस स्टेशन पर रेत का बहुत व्यापार होता है ;

(ख) क्या यह सच है कि उक्त प्लाट एक परिवार के विभिन्न सदस्यों के नाम पर लाइसेंस जारी करके एक ही घर को दिये गये हैं ; और

(ग) उक्त स्टेशन में इस समय कितने प्लाट हैं और भविष्य में अतिरिक्त कितने प्लाट बनाने का प्रस्ताव है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) बांदा जंक्शन पर 14 प्लाट उपलब्ध हैं। प्लाटों की मांग इससे अधिक है। प्लाटों के लिए 29 आवेदन-पत्र ऐसे हैं जिन पर प्लाट नहीं दिया जा सका है।

(ख) केवल दो प्लाटों को छोड़ कर जिन में कि एक प्लाट मां को और दूसरा उसके लड़के को दिया गया है, प्लाटों के सम्बन्ध में ऐसा कोई मामला नहीं है जिसमें एक ही घर के विभिन्न सदस्यों को प्लाट दिये गये हों।

(ग) इस स्टेशन पर 14 प्लाट उपलब्ध हैं और 14 अतिरिक्त प्लाटों की व्यवस्था करने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है।

बांदा जंक्शन क्षेत्र में दुर्घटनाएं

7289. **श्री जगेश्वर यादव :** क्या रेलवे-मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बांदा जंक्शन क्षेत्र (मध्य रेलवे) में 1 जनवरी, 1969 से अब तक रेलगाड़ियों से कुचले जाने से कितने व्यक्तियों की मृत्यु हुई है और ये दुर्घटनाएं किन तारीखों को हुईं ;

(ख) क्या यह स्टेशन इस समय नगर में मध्य में है क्योंकि उत्तर की ओर इसका विस्तार हुआ है और ऐसी दुर्घटनाएं इस कारण होती हैं क्योंकि लोगों को डाकघर, बस अड्डों, प्रतिरक्षा कालेज और रेलवे क्वार्टरों में जाने के लिए रेलवे पटरी को पार करना पड़ता है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि स्टेशन के निकट एक उपरि-पुल बनाने की योजना शुरू की गई थी परन्तु इसको आधे में ही छोड़ दिया गया है ; और

(घ) भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए और लोगों के दैनिक जीवन में सुविधाओं की व्यवस्था के लिए सरकार का विचार क्या कार्यवाही करने का है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभगसिंह) : (क) किसी की नहीं।

(ख) स्टेशन शहर में बीचों-बीच स्थित है, लेकिन रेल-पथ को पार करने की आवश्यकता नहीं पड़ती क्योंकि बांदा स्टेशन यार्ड के दोनों सिरों पर समपार मौजूद है।

(ग) जी नहीं।

(घ) उपर्युक्त भाग (क) और (ख) में दिये गये उत्तर को देखते हुए सवाल नहीं उठता।